भागीरथी बाल शिक्षा सदन सैकेण्डरी स्कूल

कक्षा - आठवी

विषय - हिन्दी पाठ - 1

कवि-परिचय

कवि सुब्रह्मण्य भारती का जन्म तमिलनाडु के तिरुनेलवेली नामक गाँव में 11 सितंबर, 1882 को हुआ था। इनके पिता का नाम चिन्नस्वामी और माता का नाम लक्ष्मी अम्माल था। इनके पिता तमिल और गणित के प्रकांड ज्ञाता थे। भारती की काव्य-प्रतिभा को देखते हुए इन्हें 11 वर्ष की आयु में ही एट्टयपुरम के महाराज ने '**भारती**' की उपाधि से विभूषित किया। इन्होंने वाराणसी में जाकर हिंदी-संस्कृत का गहन अध्ययन किया। इन्होंने 'इंडिया' नामक पत्रिका का संपादन कर अपनी राष्ट्रीय भावना को आवाज़ दी। ये प्रतिदिन तिरुवल्लिक्केणी मंदिर जाया करते थे। वहीं एक पागल हाथी द्वारा चोट पहुँचाने के कारण इनकी मृत्यु 1921 में हो गई।

इनकी **प्रमुख रचनाएँ** हैः- पांचाली शपथम, कणनपाट्टु (कान्हा के गीत), कुमिलपाट्टु (कोयल के गीत) आदि।

शब्द-ज्ञान

उत्तुंग	–	ऊँचा	**मही**	–	धरती
नगराज	–	पर्वतों का राजा (हिमालय)	**सर्वोत्तम**	–	सबसे बढ़िया
जोड़	–	मुकाबले में	**पूर्ण**	–	पूरा
प्लावित	–	बहना, जल में डूबा	**शुभ्र**	–	सफ़ेद
पावन	–	पवित्र	**निकेतन**	–	घर
मधु रस धारा	–	शहद जैसी मीठी जलधारा	**करुणा**	–	दया का भाव, अनुकंपा
सम्मानित	–	आदरणीय	**चेतन**	–	जो ज्ञानमय हो
सकल	–	सारा	**भव्य**	–	महान, विशाल
विश्व	–	संसार	**पुरातन**	–	पुराना
यश	–	प्रसिद्धि	**जग**	–	संसार
स्वर्णिम	–	सोने जैसा चमकने वाला, सुनहरी	**विघ्न**	–	रुकावट
मधुमय	–	शहद जैसा मीठा	**भयभीत**	–	डरा हुआ
मधु	–	शहद	**दलित**	–	उपेक्षित, शोषित
खातिर	–	के लिए	**हीन**	–	कम, बिना

Scanned with CamScanner

मूल्यपरक प्रश्न

- इस कविता को पढ़कर आपके मन में कैसे भावों का उदय होता है?
- क्या आप भारत पर गर्व करते हैं?

आपकी सोच

- भारत को विश्व में महान बनाने के लिए क्या कुछ किया जाना चाहिए?
- क्या वर्तमान प्रधानमंत्री विश्व में भारत की महानता प्रतिपादित करने में सफल हो रहे हैं?

भाषा की बात

1. विशेषण

कविता की कई पंक्तियों में **विशेषणों** का प्रयोग हुआ है; जैसे– **उत्तुंग हिमालय**।

उत्तुंग-विशेषण **हिमालय**-विशेष्य

इसी प्रकार के चार अन्य उदाहरण छाँटकर लिखिए तथा विशेषण-विशेष्य बताइए।

		विशेषण	विशेष्य
(क)	________	________	________
(ख)	________	________	________
(ग)	________	________	________
(घ)	________	________	________

2. प्रत्यय

'स्वर्णिम' शब्द 'स्वर्ण + इम' से मिलकर बना है। स्वर्ण (मूलशब्द) तथा 'इम' (प्रत्यय) है।

निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिए–

सम्मानित ________ दलित ________

बरसी ________ हर्षित ________

कायरता ________ पुष्पित ________

3. संधि-विच्छेद कीजिए–

हिमालय = ________ + ________

सर्वोत्तम = ________ + ________

सूर्योदय = ________ + ________

सिंहासन = ________ + ________

किताब कार्य को कापी में करो।

Scanned with CamScanner